an>

Title: Need to construct an underpass and service line on Toll Tax Booth on National Highway No. 26 in Damoh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल (दमोह) ः मेरे संसदीय क्षेत्र दमोह की देवरी विधान सभा में गौरझामर, महाराजपुर, देवरी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-26 में दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। यदि इस स्वर्णिम उत्तर-दक्षिण राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंडर ब्रिज का निर्माण करा दिया जाता है, तो दुर्घटनाओं पर रोकथाम लग जाएगी। दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए शीघ्र अंडर ब्रिज का निर्माण कराया जाए।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग-26 में स्थित टोल टैक्स बूथ पर सर्विस लाईन न होने से एम्बुलेंस व जनप्रतिनिधियों को असुविधा होती है। इसलिए उक्त मार्ग पर सर्विस लाईन बनाने हेतु निर्देशित किया जाए।